आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 04.04.2025
समय 720

पहले मुख्य समाचार :–

- उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड से चयनित नर्सिंग अधिकारियों को पांच मेडिकल कॉलेज व कैंसर संस्थान में तैनाती दी गई।
- शिक्षा मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने कहा – राजकीय विद्यालयों में आवश्यकतानुसार नये विषय खोले जायेंगे।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को राज्य में जलापूर्ति के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये।
- चारधाम यात्रा के लिए अब तक 12,लाख आठ हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया।

चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड

उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड से चयनित 12 सौ 38 नर्सिंग अधिकारियों को पांच मेडिकल कॉलेज व कैंसर संस्थान में तैनाती दे दी गई है। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने तैनाती की सूची वेबसाइट पर जारी कर दी है। चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने कहा कि नर्सिंग अधिकारियों की तैनाती से मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध चिकित्सालयों में स्वास्थ्य सुविधाओं में व्यापक सुधार होगा। वहीं चिकित्सा शिक्षा विभाग के निदेशक डॉक्टर आशुतोष सयाना ने बताया कि नवनियुक्त नर्सिंग अधिकारियों को प्रदेश के पांच विभिन्न राजकीय मेडिकल कॉलेजों के साथ ही स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट हल्द्वानी में खाली पदों के सापेक्ष तैनाती दी गई है। उन्होंने बताया कि राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में 248, अल्मोड़ा में 189, हल्द्वानी में 221, देहरादून में 271, रुद्रपुर में 245 और स्टेट कैंसर संस्थान हल्द्वानी में 64 नर्सिंग अधिकारियों को तैनाती दी गई है। उन्होंने बताया कि नवनियुक्ति नर्सिंग अधिकारियों को संबंधित कॉलेजों के प्राचार्य नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे।

कुट्टू के आटे की बिक्री

खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से प्रदेश भर में कुट्टू के आटे की बिक्री पर निगरानी जारी है। विभिन्न जिलों से सात सैंपल जांच के लिए भेजे गए, जबकि दो और सैंपल फेल पाए गए हैं। स्वास्थ्य सचिव और खाद्य संरक्षा एवं औषधी प्रशासन विभाग के आयुक्त डॉक्टर आर राजेश कुमार ने बताया कि अभियान की प्रत्येक दिन समीक्षा की जा रही है। उन्होंने बताया कि अभियान का उद्देश्य मिलावटी और असुरक्षित कुट्टू आटा की बिक्री को रोकना और जनता को सुरक्षित खाद्य पदार्थों की उपलब्धता करना है। उन्होंने कहा कि खाद्य संरक्षा एवं औषधी प्रशासन विभाग की टीम ने राज्य के विभिन्न जिलों में कुट्टू आटा के सात नमूने और पांच अन्य व्रत में उपयोग होने वाले खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्र किए। इन सैंपलों को जांच के लिए रुद्रपुर प्रयोगशाला भेजा गया है। जबकि जांच में दो कुट्टू आटा के सैंपल फेल पाए गए। खाद्य संरक्षा एवं औषधी प्रशासन विभाग के उपायुक्त डॉ.राजेंद्र कांडपाल की अगुवाई में विभिन्न जिलों में छापामारी अभियान चलया जा रहा है। अभियान के लिए हर जिले में दो टीमों का गठन किया गया है।

उत्तराखंड हाईकोर्ट

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने कूड़ा बीनने वालों के जीवन स्तर को सुधारने और उन्हें प्रोत्साहन राशि देने के लिए नगर निगम देहरादून को समुचित योजना बनाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य न्यायाधीश जी नरेंद्र एवं न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के पत्र का स्वतः संज्ञान लेते हुए नगर निगम देहरादून, शिक्षा विभाग, शहरी विकास विभाग और पंचायती राज विभाग को कई दिशा–निर्देश जारी किए हैं।

पोर्टर भर्ती

पिथौरागढ़ जिले के धारचूला में सेना की ओर से आयोजित पोर्टर भर्ती के लिए देश के विभिन्न राज्यों के साथ ही पड़ोसी देश नेपाल से भी बड़ी संख्या में युवा भर्ती होने के लिए पहुंच रहे हैं। अब तक 10 हजार से अधिक युवा यहां पहुंच कर भर्ती प्रक्रिया में शामिल हुए।

नये विषय

शिक्षा मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने कहा कि विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत राजकीय विद्यालयों में आवश्यकतानुसार नये विषय खोले जायेंगे। इसके अलावा उन्होंने सरकारी विद्यालयों में छात्र संख्या में गिरावट को देखते हुए विभागीय स्तर पर जांच समिति गठित करने के निर्देश दिये हैं। शिक्षा विभाग की बैठक में मंत्री डॉ. रावत ने सभी जिलों के मुख्य शिक्षा अधिकारियों को अपने–अपने जिलों के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में दो–दो विद्यालयों के उच्चीकरण एवं राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों की स्थापना के लिए प्रस्ताव भेजने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने प्रत्येक विकासखण्ड में प्रस्तावित कलस्टर विद्यालय, जीर्ण–शीर्ण स्कूलों सहित डी व सी श्रेणी के विद्यालयों के निर्माण के प्रस्ताव जल्द शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

हेली सेवा

केदारनाथ धाम के लिए हेली सेवा की ऑनलाइन बुकिंग आठ अप्रैल से शुरू हो जाएगी। उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण व आईआरसीटीसी ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। बुकिंग के लिए आईआरसीटीसी जल्द वेबसाइट का लिंक जारी करेगा। दो मई को केदारनाथ धाम के कपाट खुल रहे हैं। इसी दिन से केदारनाथ धाम के लिए गुप्तकाशी, सिरसी व फाटा से हेली सेवा का संचालन शुरू हो जाएगा। हेली टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग के लिए आईआरसीटीसी आठ अप्रैल को पोर्टल खोल देगा। यूकाडा ने आईआरसीटीसी को यात्रा पंजीकरण का डाटा भेज दिया है।

राजभवन में

कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के कुलपति प्रोफेसर दीवान सिंह रावत ने राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह के समक्ष 'वन यूनिवर्सिटी—वन रिसर्च' कार्यक्रम के अंतर्गत चल रहे शोध कार्य की प्रगति पर प्रस्तुतीकरण और राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह को शोध के उद्देश्य और प्रमुख निष्कर्षों की जानकारी दी। राज्यपाल ने कहा कि शोध से राज्य के युवाओं को जैव प्रौद्योगिकी और हर्बल उत्पाद से विकास के क्षेत्र में नए अवसर मिलेंगे और उत्तराखण्ड का पारंपरिक ज्ञान आधुनिक विज्ञान के साथ मिलकर आर्थिक एवं सामाजिक प्रगति को दिशा देगा।

जलापूर्ति की कार्ययोजना

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को आगामी 30 साल की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए राज्य में जलापूर्ति के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत लगे कनेक्शनों से लोगों को नियमित जलापूर्ति हो, इसके लिए पुराने जल स्रोतों के पुनर्जीवीकरण के साथ ही नये जल स्रोत भी चिह्नित किए जाएं, जिससे गर्मियों में पेयजल की समस्या न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि पेयजल गुणवत्ता की टेस्टिंग की जाए। लोगों को पेयजल की परेशानी न हो, इसके लिए टोल फ्री नंबर के साथ ही जिला स्तर पर कंट्रोल रूम भी बनाए जाएं। जन शिकायतों की विभागीय स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग की जाए। मुख्यमंत्री ने पांच साल से एक ही स्थान पर तैनात कार्मिकों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

चारधाम यात्रा पंजीकरण

चारधाम यात्रा में इस बार पंजीकरण के लिए ऋषिकेश में 30 और विकासनगर में 20 काउंटर लगाए जाएंगे। देहरादून के जिलाधिकारी सबिन बंसल ने चारधाम यात्रा से जुड़े विभिन्न विभागों के साथ हुई बैठक में यह जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के साथ समय से पूरा करने के निर्देश दिए।

चारधाम यात्रा पंजीकरण

चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। चारधाम यात्रा के लिए अब तक 12,लाख आठ हजार से अधिक यात्रियों ने यात्रा के लिए पंजीकरण करा लिया है। पर्यटन विकास परिषद की रिपोर्ट के अनुसार यमुनोत्री धाम के लिए 2 लाख 13 हजार तीन सौ तीस, गंगोत्री धाम के लिए 2 लाख 20 हजार 6 सौ 25, केदारनाथ धाम के लिए 3 लाख 97 हजार 4 सौ 90, श्री बद्रीनाथ धाम के लिए 3 लाख 61 हजार 1 सौ 60 व हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए 15 हजार 9 सौ 57 से अधिक श्रद्धालुओं ने पंजीकरण किया है।

कैलाश यात्रा

इस साल आदि कैलाश यात्रा अप्रैल अंतिम सप्ताह से शुरू होने की संभवना है। बीआरओ ने ग्लेशियरों को काटकर मार्ग खोलने का काम लगभग पूरा कर लिया है। जिला प्रशासन की टीम आदि कैलाश यात्रा मार्ग का निरीक्षण करने के लिए उपजिलाधिकारी योगेंद्र सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग, जिला पंचायत, पर्यटन आदि विभागों के अधिकारियों की एक टीम  आज गुंजी के लिए रवाना होगी। जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी, ने बताया कि यात्रा को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए तैयारियां की जा रही हैं। अप्रैल अंतिम सप्ताह से आदि कैलाश यात्रा का संचालन शुरू हो, इसके प्रयास किए जा रहे हैं और आदि कैलाश यात्रा मार्ग का निरीक्षण करने के लिए शुक्रवार को टीम भेजी जाएगी और टीम की रिपोर्ट के आधार पर यात्रा को शुरू करने का निर्णय लिया जाएगा। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिथौरागढ़ दौरे के बाद आदि कैलाश की यात्रा के लिए हजारों की संख्या में पर्यटक आ रहे हैं। पिछले साल 30 हजार से अधिक पर्यटक आदि कैलाश और ओम पर्वत के दर्शनों के लिए पहुंचे थे।

एक नज़र आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––

वक्फ विधेयक की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। दैनिक जागरण पत्र का शीर्षक है– वक्फ विधेयक पर संसद की मुहर, मैराथन बहस, लोकसभा के बाद राज्य सभा ने भी दी मंजूरी, पक्ष में 128 और विरोध में 95 वोट पड़े। इसी ख़बर पर हिंदुस्तान लिखता है – राज्य सभा में भी वक्फ संसांधन बिल पर मुहर। इसी खबर पर अमर उजाला लिखता है– वक्फ पर नया कानून सिर्फ एक कदम दूर, संसद की मंजूरी, राष्ट्रपति की मुहर बाकी।

प्रदेश में कुट्टू के आटे की खबर को भी सभी अखबारों ने प्राथमिकता दी है। दैनिक जागरण लिखता है– दून और हरिद्वार से लिये कुट्टू के आटे के दो सैंपल फेल।

हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है – देहरादून में कुट्टू के आठ नमूनों में फंगस मिला।